नया इंडिया

खेल

सार समाचार

स्कीट निशानेबाज भवतेग ने स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली,भाषा। भारत के युवा स्कीट निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने मंगलवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर देश की झोली में दूसरा स्वर्ण पदक डाला। पलक गुलिया और अमित शर्मा की एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने रविवार को पहला स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा तीन व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीते। सिमरनप्रीत कौर बराड़ (25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल), यशस्वी राठौड़ (महिला स्कीट) और अभय सिंह सेखों (पुरुष स्कीट)) ने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते। जूनियर वर्ग में चार अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले गिल ने फाइनल में 58 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें साइप्रस के पेट्रोस एंगलजोडिस की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। साइप्रस के खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के एक अन्य निशानेबाज सेखों ने कांस्य पदक जीता।

त्रीशा-गायत्री की जोड़ी पहले दौर में हारी

कुमामोतो,भाषा। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय जोड़ी को इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला युगल के पहले दौर में सू यिन हुई और लिन यिन हुई की 24वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 36 मिनट में 16-21, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय जोड़ी की सू और लिन के खिलाफ तीन मैच में यह पहली हार है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

अल्काराज को रूड ने हराया, ज्वेरेव भी जीते

तूरिन,एपी। पेट की तकलीफ से जूझने वाले कार्लोस अल्काराज अपने चिर परिचित फॉर्म में नजर नहीं आये और एटीपी फाइनल्स में केस्पर रूड से 1 . 6, 5 . 7 से हार गए। पिछले पांच मुकाबलों में रूड की अल्काराज पर यह पहली जीत है। शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट के नॉकआउट में प्रवेश की अल्काराज की राह अब कठिन हो सकती है। इसी ग्रुप में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आंद्रेइ रूबलेव को 6 . 4, 6 . 4 से हराया। हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। रविवार को शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने एलेक्स डि मिनौर को और टेलर फ्रिट्ज ने दानिल मेदवेदेव को हराया था।

तीसरे टी-20 में जीत दर्ज करनी उतरेगी भारतीय टीम

दूसरे टी20 में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने काफी परेशान किया था।

सेंचुरियन ■ भाषा/डेस्क

भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 मैच में अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में पूरी तरह नाकाम रहे थे। भारत ने 2009 के बाद से यहां पर सिर्फ एक टी20 मैच खेला है और 2018 में खेले गए इस मैच में उसे छह विकेट से पराजय मिली थी। उस टीम का एक ही सदस्य हार्दिक पंड्या मौजूदा टीम में है। भारत की चिंता का सबब उसके बल्लेबाजों का खराब फॉर्म भी है चूंकि सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच भी गबेरहा की पिच की ही तरह तेज और उछाल भरी है। दूसरे टी20 में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने काफी परेशान किया था और भारतीय टीम छह विकेट पर 124 रन ही बना सकी थी।

शीर्षक्रम में अभिषेक शर्मा लगातार नाकाम रहे हैं और इससे पहले कि टीम प्रबंधन संयोजन में बदलाव की सोचे, उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी। अभी भी संजू सैमसन के साथ पारी की शुरूआत करने तिलक वर्मा को उतारा जा सकता है जिससे रमनदीप सिंह मध्यक्रम में उतर सकते हैं। सीनियर बल्लेबाज कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या और रिंकू सिंह को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सूर्यकुमार और रिंकू लय में नहीं है जबकि पंड्या ने दूसरे मैच में 39 रन बनाने के लिये 45 गेंदें खेल डाली।

उन्हें पहला चौका जड़ने के लिये 28 गेंद तक इंतजार करना पड़ा। इन तीनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जबकि सैमसन को पिछले मैच की नाकामी भुलाकर बड़ी पारी खेलनी होगी।

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने डरबन में 25 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन दूसरे मैच में 41 रन दे डाले और एक ही विकेट मिला। उन्होंने तीसरे और चौथे ओवर में 28 रन दे डाले जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स ने चार चौके लगाये। उन्हें भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा अन्यथा यश दयाल या विशाख विजयकुमार को मौका मिल सकता है।

पिछले मैच में पांच विकेट लेने वाले वरूण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा बखूबी संभाला है। वे इस प्रवाह को कायम रखना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्ररम, डेविड मि और हेनरिच क्लासेन अपनी ख्याति अनुरूप नहीं खेल पाये हैं। स्टब्स ३ गेराल्ड कोएत्जी ने दूसरे मैच में टीम जीत दिलाई। अब अनुभवी बल्लेबा को जिम्मेदारी संभालनी होगी।

टीमें: भारतः सूर्यकुमार या (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैम (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक व जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्द पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सि वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्श सिंह, विजयकुमार विशक। आ खान, यश दयाल।

दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मारक्र (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेरा कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, री हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेन क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महारा डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवा नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडि सिमलेन, ट्रिस्टन स्टब्स।

प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी शमी की वापसी

कोलकाता ■ भाषा/डेस्क

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच

स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा। बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा,भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मेच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।

रुक- रुक, छुक-छुक डीपीएल, अब 15 से!

■ राजेंद्र सजवान

लंबे विश्राम के बाद डीएसए प्रीमियर लीग एक बार फिर लौट रही है। अम्बेडकर स्टेडियम की अनुलब्धता के चलते इस बार खिलाडियों और आयोजकों को लम्बा आराम मिला है। देखना यह होगा कि 15 दिन के बाद लौटी डीपीएल में खिलाडी कैसा प्रदर्शन करते हैं। 12 टीमों की लीग में हर टीम को 22-22 मैच खेलने हैं। अर्थात अभी लम्बा सफर तय करना है।

ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि लीग शायद ही पूरी हो। लेकिन भाग लेने वाली 12 टीमों की दाद देनी होंगी जिन्होंने सब्र का घूंट पीकर मौन साधे रखा। भले ही डीपीएल मुकाबले अनेक बार रुक रुक कर खेले

जा रहे हैं लेकिन खेल का मज़ा किरकिरा हो चूका है। मुट्ठी भर स्थानीय फुटबाल प्रेमियों को लगता है कि तीसरी लीग ने स्थानीय फुटबाल को बड़ा आघात पहुँचाया है।

सबसे बड़ी चिंता इसबात की है कि अभी तमाम लीग आयोजन बाकि हैं और डीएसए कि गाड़ी डीपीएल पर अटक गई है। 15 नवम्बर को खेले जाने वाले पहले मैच में भारतीय वायुसेना को वाटिका से और दूसरे मुकाबले में सी आई एस एफ को हिंदुस्तान एफसी से खेलना है। अब तक खेले गए मुकाबलों पर सरसरी नज़र दौड़ाएं तो गत विजेता गढ़वाल हीरोज एफ सी और दिल्ली एफसी सात मैचों में क्रमशः 14-14 अंकों के साथ पहले स्थानों पर हैं।

सुदेवा दिल्ली एफसी सात मैचों में और रॉयल रेंज और सी आई एस एफ ने मैचों में 13 अंक बनाए है। सुदे एकमात्र टीम है जिसने कोई म नहीं हारा है और यूनाइटेड भा अकेली टीम है जिसने सभी मैच गँवाए हैं।

अब तक खेले गए मैचों नज़र दौड़ायें तो रॉयल रेंज दिल्ली एफ सी, गढ़वाल हीरो सुदेवा और सी आई एस प प्रभावित कर पाई हैं लेकिन स माएने में सात दल खेल स्तर गिर रहा है। चूंकि म नियमित नहीं खेले जा इसलिए अम्बेडकर स्टेडि पर दर्शक नजर नहीं आते।

आर्थिकी/परदेश

सेंसेक्स 821 अंक टूटा, निफ्टी 258 अंक कमजोर

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच व्यापक बिकवाली दबाव से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को एक-एक प्रतिशत की गिरावट आई। कमजोर वैश्विक रुख ने भी बाजार धारणा को प्रभावित किया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 820.97 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,675.18 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 948.31 अंक या 1.19 प्रतिशत टूटकर 78,547.84 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 257.85 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,883.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 46 शेयर गिरावट के साथ और चार बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति 5.29 लाख करोड़ रुपये घटकर 437.24 लाख करोड़ रुपये रह गई।

सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, एशियन



पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति और पावर ग्रिड में सबसे अधिक नुकसान रहा। दूसरी ओर सन फार्मा, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,306.88 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,026.63 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

औद्योगिक उत्पादन 3.1 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, भाषा। विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) सितंबर में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है। खनन, विनिर्माण और बिजली उत्पादन में सुधार से औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

सितंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि, इस साल अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी जिसकी मुख्य वजह देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के कारण खनन कार्य प्रभावित होना था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2024 में खनन क्षेत्र का उत्पादन 0.2 प्रतिशत, विनिर्माण उत्पादन 3.9 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। अगस्त में खनन क्षेत्र का उत्पादन 4.3 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 3.7 प्रतिशत घटा था, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी सिर्फ 1.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ के बयान के अनुसार, '' सितंबर, 2024 के लिए आईआईपी वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रही है, जबकि अगस्त, 2024 में औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था।

विकासशील देशों को बाकू से खाली हाथ नहीं लौटना चाहिए: गुतारेस

बाकू, भाषा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को विश्व नेताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सीओपी में जलवायु वित्त की अड़चनें दूर हों, तथा चेतावनी दी कि विकासशील देशों को बाकू से खाली हाथ नहीं लौटना चाहिए। यहां सीओपी29 विश्व नेताओं के जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गुतारेस ने विकासशील देशों को सहाय देने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की, जो वैश्विक उत्सर्जन में अपेक्षाकृत कम हिस्सेदारी होने के बावजूद जलवायु-जनित आपदा का खामियाजा भुगत रहे हैं।

गुतारेस ने कहा, समस्या अमीर लोगों द्वारा पैदा की जाती है, तथा गरीब लोग इसकी सबसे अधिक कीमत चुकाते हैं। उन्होंने कहा विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य असुरक्षा, बुनियादी ढांचे की क्षति तथा जैव विविधता की हानि जैसे असंगत प्रभ का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, विकासशील देशों को बाकू से खाली हाथ नहीं लौटना चाहिए। समझौता होना जरूरी है और प पूरा भरोसा है कि यह हो जाएगा।

चीन: कार भीड़ में घुसी, 35 लोगों की मौत

बैंकॉक, एपी। दक्षिणी चीनी शहर झुहाई में एक व्यक्ति ने अपनी कार से एक खेल परिसर में व्यायाम कर रहे लोगों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 35 लोगों की मौत हो गयी और 43 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि 62 वर्षीय चालक को हिरासत में ले लिया गया, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह हमला था या फिर हादसा।

खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत पर, 14 माह का उच्चस्तर

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने यानी सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है। इस तरह खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है।

पिछले साल इसी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर

10.87 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर में 9.24 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

खुदरा मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर से आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से नीचे चल रही थी। अगस्त, 2023 में यह 6.83 प्रतिशत पर थी। एनएसओ ने कहा, अक्टूबर, 2024 के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 6.68 प्रतिशत और 5.62 प्रतिशत है। एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर, 2024 के दौरान 'दालों और इसके उत्पादों', अंडे, 'चीनी और कन्फेक्शनरी' और मसालों के उपसमूह में मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। एनएसओ ने कहा, अक्टूबर, 2024 में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति मुख्य रूप से सब्जियों, फलों और तेलों और वसायुक्त वस्तुओं की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण हैं।

टायटन बायोटेक लिमिटेड
CIN : L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर: 011- 71239900, ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com
www.titanbiotechltd.com

30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त छ
		30.09.2024	30.06.2024	30.09.2023	30.09.2024	30.09.2023	31.03.20
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षि
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,020.97	4,373.83	4,397.92	8,394.80	7,900.85	16,582
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	671.69	751.70	812.60	1,423.39	1,521.37	3,152
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	671.69	751.70	812.60	1,423.39	1,521.37	3,152
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	669.51	639.96	652.14	1,070.31	1,143.85	2,485
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	673.88	644.33	653.70	1,318.21	1,271.31	2,502
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	12,518.7
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसिक	8.10	7.74	7.89	15.85	15.35	30
	(बी) डायल्यूटिड	8.10	7.74	7.89	15.85	15.35	30

30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त छ
		30.09.2024	30.06.2024	30.09.2023	30.09.2024	30.09.2023	31.03.20
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षि
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,020.97	4,373.83	4,397.92	8,394.80	7,900.85	16,582
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	671.69	751.70	812.60	1,423.39	1,521.37	3,152
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	671.69	751.70	812.60	1,423.39	1,521.37	3,152
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	500.35	569.96	602.91	1,070.31	1,143.85	2,366
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	504.72	574.33	604.47	1,079.05	1,146.96	2,383
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	12,017
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसिक	6.05	6.90	7.30	12.95	13.84	28
	(बी) डायल्यूटिड	6.05	6.90	7.30	12.95	13.84	28

नोटस:-

1 उपरोक्त 30.09.2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है और सं (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त उ तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।

2 30.09.204 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए उक्त घोषित अनअंकेक्षित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 12, नवम्बर, 2024 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की

3 कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना तद्नुसार, कंपनी ने 30.09.2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अ कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।

4 स्टैंड-अलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारत लेखा मानकों (Ind AS) ('आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत') के अनुसार तैयार किए गए हैं ।

5 चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से संचालन से राजस्व में माल इलाई राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में इसके राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने लिए अन्य खर्चों में भी भाड़ा जोड़ा गया।

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 12.11.2024

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर
कृते टाइटन बायोटेक लिमि
नरेश कुमार सिंग
प्रबंध निदेश
DIN-000274